Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding shortage of water in Patna.

श्री राम कृपाल यादव (पाटलीपुत्र) : सभापति महोदय, मैं आपको दिल से, हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि आपने हमारे क्षेत्र की महत्वपूर्ण समस्या पर बोलने की अनुमति प्रदान की है । मैं आपका ध्यान बिहार और खासतौर पर पाटलीपुत्र की जनता की तरफ ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं । पूरे बिहार में बारिश नहीं हुई है, जिससे सूखे की स्थिति उत्पन्न हो गई है, नहर और नदी में पानी नहीं है, नहर और नदी में पानी नहीं होने से किसानों को सिंचाई की समस्या है, मगर पीने के पानी की भी घोर समस्या थी I agee with you.

HON. CHAIRPERSON: Please address the Chair.

श्री राम कृपाल यादवः महोदय, जितने भी हैंडपम्प थे, वे सभी सूख गए, नदी सूख गई, नहर सूख गयी, कुँआ सूख गयी । राज्य सरकार प्रयास कर रही है । हैंडपाइप फेल हो गया है, राज्य सरकार द्वारा प्रयास किया जा रहा है ।

माननीय सभापति: आप अपनी मांग रखिए ।

श्री राम कृपाल यादवः महोदय, राज्य सरकार के प्रयास नाकाफी हैं । मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार के जल शक्ति मंत्री निवेदन करूंगा, खासकर हमारे पाटलीपुत्र क्षेत्र में हहाकार मचा हुआ है, सारा हैंड पाइप फेल, जल्द हस्तक्षेप करें और पानी की व्यवस्था करें, लोगों के लिए पानी की व्यवस्था करें ।

माननीय सभापतिः कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री राम कृपाल यादव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।